आज लॉटरी के माध्यम से आवास आबंटन किया जायेगा

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी एएचपी किफायती आवास मोर आस–मोर मकान का आबंटन 13 अगस्त को लॉटरी पद्वति से किया जाना है। जो हितग्राही पहले से 10 प्रतिशत अंशदान की राशि जमा कर चुके है एवं जिनका पात्र सूची में नाम आया है। वही लॉटरी में शामिल हो सकते है। सभी पात्र हितग्राहियो को दूरभाष से सूचना दे कर लॉटरी सूचना पत्र भी दी गई है। नगर निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय परिसर में लॉटरी की व्यवस्था की गई है। सभी हितग्राही 11 बजे निर्धारित समय पर अपनी उपस्थिति अवश्य दे। आज के लॉटरी में शामिल क्षेत्र एनार स्टेट (476/630), माईल स्टोन स्कूल के पास (896/546), कृष्णा इंजीनियरिंग कॉलेज के पीछे खम्हरिया (335/338) तथा स्वप्निल बिल्डर्स कुरूद (444) में आवासों का निर्माण किया गया है। हितग्राहियो की सुविधा के लिए विभिन्न बैंको से आवास ऋण उपलब्ध कराने काउंटर भी लगेगे। हितग्राही अपनी इच्छा के अनुसार शेष 90: राशि जमा करने के लिए बैंक से संपर्क कर सकते है। बैंको की ब्याज दर एवं अन्य जानकारी पुरी प्राप्त करके ही लोन के लिए अप्लाई करें। हितग्राही स्वतंत्र है, कहीं से भी लोन लेकर या स्वयं की बचत से शेष राशि जमा करके अपना मकान प्राप्त कर सकते है। हितग्राही द्वारा 10 प्रतिशत अंशदान जमा राशि की रसीद एवं जमा किये गये दस्तावेज साथ जरूर लाये। जिससे लॉटरी के माध्यम से आपको आवास का आबंटन किया जा सके।